Nai Dunia (Indore), 01st October 2025, Naidunia City Page-I

आपदाओं की भविष्यवाणी व निगरानी की दिशा में शोध

# आइआइटी इंदौर की महिला प्रोफेसर को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर की सिविल इंजीनियरिंग विभाग की प्रो. नीलिमा सत्यम को अमेरिका की संस्था ने सम्मानित किया है। अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन (एजीयू) ने महिला प्रोफेसर को नेचुरल हैज़ार्ड्स मिटिगेशन अवार्ड 2025 प्रदान किया है। उन्हें यह सम्मान भूस्खलन अध्ययन, भूकंप इंजीनियरिंग और आपदा जोखिम में कमी जैसे क्षेत्रों में उनके लंबे और महत्वपूर्ण शोध कार्य के लिए दिया गया है। उनका काम खासतौर पर इस बात पर केंद्रित है कि किस तरह विज्ञान और इंजीनियरिंग को मिलाकर प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी, निगरानी और रोकथाम की जा सकती है। उनका शोध भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में कमजोर और आपदा-प्रवण समुदायों की सुरक्षा के लिए नई रणनीतियां विकसित करने में मददगार साबित हो रहा है।



सिविल इंजीनियरिंग विभाग की प्रो. नीलिमा सत्यम

प्रो. नीलिमा सत्यम ने कहा कि भू-तकनीकी जांच, रिमोट सेंसिंग तकनीक और भूस्खलन संभावित इलाकों में प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के विकास की दिशा में शोध किया है। इस काम की वजह से मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण और आपदा जोखिम को कम किया जा सकता है।